Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to resume air services to Khajuraho from other parts of country.

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि सदन में आपने मुझे बोलने का अवसर दिया ।

खजुराहो दुनिया की वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में से एक स्थान है । वहां आधुनिक एयरपोर्ट है । इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रस्ताव भी पिछले कई सालों से लम्बित है । खजुराहो में दो फ्लाइट्स – एक जेट एयरवेज और दूसरी एयर इंडिया – चालू थीं, लेकिन कुछ दिनों से जेट एयरवेज बन्द है और अभी एयर इंडिया की फ्लाइट भी बन्द कर दी गई है । इसके कारण दुनिया भर से बड़ी संख्या में जो पर्यटक खजुराहो में आते हैं, उनका आना प्रभावित हुआ है और क्षेत्र की जनता की भी इस बारे में बहुत बड़ी डिमाण्ड है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि तत्काल एयर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली से खजुराहो और खजुराहो से मुंबई तक प्रारम्भ की जाए । जो इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रस्ताव है, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि यदि उसे जल्दी से जल्दी पारित किया जाए तो बहुत अच्छा होगा । वह क्षेत्र के लिए बहुत आवश्यक है । आपको और सदन को भी मैं खजुराहो के वर्ल्ड हेरिटेज में आमन्त्रित करता हूं । धन्यवाद ।